जाग उठा हमारा
आजाद हिन्दुस्तान

11 अप्रैल 2023

# बड़वाह को जिला बनाने के लिये किसने क्या कहा ?

## जिला बनाने के लिए लोक शक्ति जागरण के तहत इस अभियान को चलाना होगा-मुकेश गुप्ता



समाजसेवी मुकेश गुप्ता ने कहा कि लोक शक्ति के बिना लोकतंत्र में कोई मांग स्वीकार नहीं की जाती। हमे बड़वाह को जिला बनाने के लिए लोक शक्ति जागरण के तहत इस अभियान को चलाना होगा । लोक शक्ति को जाग्रत करने के लिए जिला बनाओ संघर्ष समिति को वार्ड स्तर और पंचायत स्तर पर इसे अभियान के रूप में चलाना चाहिए। हमारी बात ऊपर तक पहुंचाने के लिए दोनो ही पार्टी के नेता अपने राजनीति दायरों को छोड़कर बड़वाह के हित में अपने पदों का उपयोग कर जिले की मांग को ऊपर तक पहुंचाये ।

## एकजुट प्रयास से ही जिले का सपना होगा साकार - श्री राकेश गुप्ता-नपा अध्यक्ष



नपाध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता ने कहा किबड़वाह को जिला बनाना सभी के एकजुट प्रयासों से ही संभव है । हम सभी को अपनी –अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धता से ऊपर उठकर प्रयास करना होगा ताकि जिला मुख्यालय के रूप में बड़वाह को मान्यता मिले और लोगों को अपने कामों के लिये इतनी लम्बी दूरी तय नही करना पडे । इसके साथ ही यह आन्दोलन उस समय तक जारी रहना चाहिये जब तक इसमें सफलता नही मिले ।

## राजनीति से उपर उठकर सभी को सतत प्रयास करना होगा-नीलेश रोकड़िया



ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री नीलेश रोकड़िया ने कहा कि बड़वाह को जिला बनाने की मांग काफी लम्बे समय से चली आरही है । अनेक बार विभिन्न संगठनों ने इसके लिये बडे स्तर पर आवाज भी उठाई है । यह मुद्दा राजनैतिक नही बल्कि बड़वाह के विकास के लिये सबसे बडा मुद्दा है । इसलिये हमे बड़वाह को जिला बनाने के लिए मिलकर उस समय तक प्रयास करना होगें जब तक बडवाह जिला घोषित नही हो जाये ।

## शहर की जनता अब बड़वाह की उपेक्षा सहन नही करेगी- तिलोक राठोड़



कांग्रेस के जुझांरू नेता श्री तिलोक राठोड़ ने कहा कि आज बड़वाह का हर नागरिक जिले की मांग को लेकर सड़क पर उतरा है बरसों से बड़वाह को जिला बनाने की मांग की जारही है । अब माननीय मुख्यमंत्री जी से निवेदन है कि जिले की मांग को लेकर जो प्रस्ताव विचाराधीन है उसे स्वीकृति प्रदान करे । बडवाह क्षेत्र की जनता अब अपनी उपेक्षा सहन नही करेगी । सबसे बडी बात यह है कि इस मुद्दे पर सभी दल एकजुट है ।

## क्षेत्र के सर्वागीण विकास के लिये बड़वाह को जिला बनाना जरूरी- डॉ.ओ.पी.टेगर





क्षेत्र के जाने माने हृदय रोग विशेषज्ञ, समाज सेवी एवं नगर के विकास में हमेशा तत्पर रहने वाले डॉ.ओ.पी.टेगर एवं जे.पी.चौहान का कहना है कि बड़वाह नगर के सर्वागीण विकास के लिये बड़वाह को जिला बनाना जरूरी है । बड़वाह यदि जिला बनता है तो यहां पर मेडीकल कालेज, जिला चिकित्सालय जैसी उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं के साथ नगर के विकास में नये आयाम स्थापित होगें । क्षेत्र में रोजगार के नये अवसर पैदा होगें । लेकिन जिला बनाने के लिये पूरे नगरवासियों के संयुक्त प्रयास के साथ ही हमारे जनप्रतिनिधियों एवं सभी राजनैतिक दलों को अपनी दल गत भावनाओ को दूर रखकर नगर एवं क्षेत्र हित में अपने अपने प्रयास कर बड़वाह को जिला बनाने के लिये कृत संकल्पित होना होगा । तभी हमे सफलता मिल सकती है ।

## प्रेमप्रकाश इन्टरनेशनल स्कूल में चलित विज्ञान प्रदर्शनी का विद्यार्थीयों ने किया अवलोकन




बड़वाह- विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रूझान बढ़ाने , वैज्ञानिक बनने की लालसा पैदा करने व भ्रांतियो को दूर करने के उद्देश्य को लेकर इन्दौर से बागोद में चलित विज्ञान प्रदर्शनी का आगमन हुआ। क्षेत्र की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था प्रेम प्रकाश इन्टरनेशनल स्कूल ने अपने विद्यार्थियों के सर्वागीण विकास के लिए चलित विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया और विद्यालय के छात्र-छात्राओं को चांद, तारे, नक्षत्र, राशि, आकाश गंगा, तारामंडल से रूबरू करवाया । पर्यावरण को कैसे बचाए और खेल-खेल में विज्ञान के जादू सीखे। जल विद्युत संरक्षण ,पर्यावरण संरक्षण, पर्यावरण नियोजन, समन्वय संगठन, भोपाल के सहयोग से चिल्ड्रन साइंस सेटर इंदौर की संतुलित प्रदर्शनी क्षेत्र के विद्यालय पहुंची। चलित जैव विविधता प्रदर्शनी के साथ आए हुए विज्ञान संचालक राजेन्द्रसिंह व सुनिलसिंह ने विद्यार्थियों के माइक्रो एंपीयर, पाल्मटच, पुली माडल, मंगलयान मॉडल, सिक्को का संग्रह, जैवविविधता माडल, जीव-जंतुओं का परिवार, हवा में तैरता ग्लोबल सहित जैवविविधता , विज्ञान के वर्किंग व नानवर्किंगमाडल से महत्वपूर्ण जानकारी दी। विद्यार्थियों ने जाना कि रात के समय आसमान में पीला चमकता हुआ तारा शुक्र ग्रह हैं। प्रश्न वाचक चिन्ह बनाने वाले सात तारों से मिलकर सप्त ऋषि मंडल बनता हैं। सप्त ऋषि मंडल से हम ध्रुव तारे को खोज सकते हैं जो उत्तर दिशा में कभी स्थिति नहीं बदलता है। राज्य समन्वयक राजेन्द्र सिंह व सुनील सिंह ने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी से हमारा प्रयास हैं कि स्कूली विद्यार्थियों को रोचक , ज्ञानवर्धक और वैज्ञानिक सोच की जानकारी दी जाए।विद्यार्थियों को प्रदर्षनी देखने और सीखने का अवसर मिला जो अच्छे बाल वैज्ञानिक बन अपना व विद्यालय का नाम रोशन कर सकते हैं।विद्यालय के प्राचार्य विनोद कनेरे ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों को अपने ज्ञान को विस्तार देने में बहुत सहायता मिलती हैं साथ ही शिकक्षा को भी विद्यार्थियों को विषय वस्तु को विस्तार से समझाने में सहायता प्राप्त होती हैं। प्रदर्शनी के आयोजन पर संस्था संचालक प्रवीणजैन ,सतीश जैन व विनोद जैन ने हर्ष व्यक्त किया।

## जिले की मांग को पूरी मजबूती के साथ मुख्यमंत्री जी के सामने रखेगें -महिम ठाकुर





भाजपा जिला महामंत्री श्री महिम ठाकुर एवं नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री लाला बना ने कहा कि बड़वाह को जिला बनाना हम सबकी प्राथमिकता है । इस मांग में पूरा संगठन जनभावनाओं के साथ है । हम सब संगठन स्तर पर भी मा.मुख्यमंत्री जी से समय लेकर बड़वाह को जिला बनाने के लिये पूरी मजबूती से अपनी बात रखेगें ।

## बड़वाह को जिला बनाना हमारा हक है जो हमे मिलना चाहिये - जितेन्द्र सुराणा





भाजपा नेता श्री जितेन्द्र सुराणा ने एवं नगरपालिका उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल ने कहा कि बड़वाह को जिला बनाने की मांग उस समय से पहले की है जब बड़वानी जिला नही था । उसके बाद प्रदेश में अनेक नये जिले बन चुके है । ऐसे में बड़वाह को जिला बनाने का अवसर मिलना चाहिये । बड़वाह में वे सभी अनुकूलताऐं है जो एक आदर्श जिले के लिये होना चाहिये । हमारा पूरा प्रयास होगा कि मुख्यमंत्री जी से मिलकरबड़वाह को जिला बनाने की रूकी हुई प्रक्रिया को आगें बढाने का प्रयास करे ।

## बरसों से चल रहा प्रयास अब रंग लाना ही चाहिये - श्री प्रदीप सेठिया



बड़वाह को जिला बनाने की मांग को लेकर बरसों से अपनी आवाज उठाने वाले पत्रकार श्री प्रदीप सेठिया ने कहा कि कितने ही दशक होगये जब से हम सब मिलकर बड़वाह को जिला बनाने की मांग कर रहे है । शासन स्तर पर प्रस्ताव, जिले का नक्शा शासन के पास विचाराधीन होने के बाद भी हम आज तक जिले की सोगात से वंचित है। जबकि हमारे बाद मांग करने वाले क्षेत्रों को जिला दिया गया । अब शासन को जनभावना का सम्मान करना चाहिये तथा बड़वाह कों जिला बनाने का सपना साकार होना चाहिये ।

## बड़वाह को जिला बनाने की मांग केवल बड़वाह की नही - भुवनेश सेंगर



बड़वाह के गौरव एवं देश के जाने माने पत्रकार श्री भुवनेश सेंगर ने कहा कि बड़वाह को जिला बनाने की मांग केवल बड़वाह के नागरिकों की ही नही बल्कि आसपास के सेकडों गांवों के उन लाखों लोगों की भी है जिन्हे अपने कामों के लिये खरगोन जाने के लिये 90 किलोमीटर का सफर करना पडता है । बड़वाह के जिला बनने के बाद आसपास के लाखों लोगों को राहत मिलगी । क्षेत्र का विकास तो होगा ही । इसलिये इस मांग को अब शासन स्तर पर अपने अपने प्रयास कर पूरा करनवाने का प्रयास हमारे जनप्रतिनिधियों को करना चाहिये । जनता की आवाज को उठाना हम सब का कतव्य है ।

# डॉक्टर पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों को करही पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार

करही- विशाल बागमार




पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इंदौर (ग्रामीण) श्री राकेश गुप्ता एवं पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री तिलकसिंह द्वारा जिला खरगोन में हत्या का प्रयास करने वाले अज्ञात अपराधियों की पतारसी एवं गिरफ्तार करने के लिए निर्देश दिये गये थे। वरिष्ठ अधिकारियो से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री मनीष खत्री एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बडवाह श्री विनोद दीक्षित के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी करही उनि दीपक यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आपसी रंजिश के चलते धरधार कटर से हमला कर हत्या का प्रयास करने वालों के विरुद्ध बडी कार्यवाही की गई है।

12 फरवरी 2023 को सुचनाकर्ता निवासी करही ने बताया कि एक लडका भी करीब 23-24 साल का डॉ. दिलीप पाटीदार के सामने उनके अस्पताल मे बैठा था। थोडी देर बाद उसने पीले रंग का धारदार कटर से डॉ. दिलीप पाटीदार को बांये गाल पर जान से मारने की नियत से गर्दन पर मारकर वार किया जिससे खून निकलने लगा। धारदार कटर से मारने वाला लडका कटर को वही पर फेक कर भाग गया। मैं तथा मेरा साथी निवासी करही डॉ दिलीप पाटीदार को इलाज के लिये सरकारी अस्पताल करही लेकर गये जहां से इलाज के बाद उन्हें एमवायएच. अस्पताल इन्दौर रेफर कर दिया गया। सूचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी करही उनि दीपक यादव द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए मुखबीर की सूचना पर घटना में शामिल एक आरोपी विवेक पिता विजयवीर जादौन जाति राजपुत उम्र 23 साल निवासी मोहन नगर आगर मालवा रोड उज्जैन को पकडा जिसने पूछताछ मे बताया कि उसने उक्त कृत्य आशीष उर्फ भोला और रघुवीर पिता अशोक दोनों निवासी घट्याबैडी थाना करही के कहने पर अपने साथी राहुल पिता गोपाल कुशवाह निवासी परदेशी पुरा इन्दौर के साथ मिलकर किया।

आरोपी विवेक से प्राप्त जानकारी के आधार पर गठित पुलिस टीम द्वारा फरार आरोपियों के घरों एवं मिलने वाले संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी जा रही थी। पुलिस से बचने के लिए आरोपी बार-बार अपने रुकने का स्थान व ठिकाने बदल रहे थे। पुलिस टीम द्वारा उक्त फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मुखबिरों को सक्रिय कर लगाया गया परिणामस्वरूप 9 अप्रैल 2023 की रात्रि मुखबिर द्वारा सुचना प्राप्त हुई कि घटना के फरार आरोपी आशीष पटेल, रघुवीर पटेल व राहुल ठाकुर पार्वती ढाबा पातालपानी महु के आसपास देखा गया है। मुखबिर सुचना पर तत्काल पुलिस टीम को पार्वती ढाबा पातालपानी ढाबा रवाना किया गया जहां घेराबंदी कर पुलिस टीम द्वारा दबिश दी गई जिसमे फरार तीनों आरोपियो को विधिवत गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

### गिरफ्तार आरोपियो के नाम

पुलिस ने आशीष उर्फ भोला पिता अशोक पटेल जाति कुर्मी उम्र 42 साल निवासी ग्राम घट्याबैडी थाना करही, रघुवीर पिता अशोक पटेल जाति कुर्मी उम्र 33 साल निवासी ग्राम घट्याबैडी थाना करही, राहुल पिता गोपाल कुशवाह जाति ठाकुर उम्र 36 साल निवासी 1/13 शंकर कुम्हार का बगीचा थाना परदेशी पुरा इन्दौर को गिरफ्तार किया गया।

### अपराधिक रिकार्ड दर्ज है आरोपियों पर

आशीष उर्फ भोला पिता अशोक पटेल पर करही थाने में अपराध क्रमांक 123/01 धारा 302, 506 फौ.मु.न. 133/30.03.13 तथा इंदौर एमजी रोड थाने में अपराध क्रमांक 492/08 धारा 323, 324, 332, 34 भादवि फौ.मु.न. 576/07.10.17 दर्ज है। वहीं आरोपी राहुल पिता गोपाल कुशवाह के विरूद्ध इंदौर के बाणगंगा थाने में अपराध क्रमांक 534/20 की धारा 326,307,506,34 भादवि एवं 25 आर्म्स एक्ट फौ.मु.न. 2313/27.08.20 का दर्ज है।

प्रकरण में आरोपियों की गिरफ्तारी में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुभाग बडवाह श्री विनोद कुमार दीक्षित के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी करही उनि दीपक यादव के नेतृत्व में उनि संजीव पाटील, सउनि रविन्द्र गुरु, प्रआर.400 रविन्द्र पटेल, आर.287 अमित पाल, आर.821 अभिषेक, आर.776 रामु भदौरिया, आर.514 पंजाबसिंह, सायबर सेल खरगोन से आर. अभिलाष डोंगरे, आर. विजेन्द्र वास्कले की

## टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ -त्रिलोक राठौड़ द्वारा किया गया



बडवाह- ग्राम पंचायत भानबरड़ के तत्वाधन में रात्रि कालीन टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज मंगलवार की शाम को किया गया । प्रतियोगिता के शुभारंभ पर विशेष रूप से बड़वाह विधानसभा के काग्रेस नेता त्रिलोक राठौड, अध्यक्ष लोकेन्द्र गुर्जर, पूर्व नपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री अनिल राय ,पूर्व पार्षद राजु गोहर ,रवि जैन, अनिल कानूनगो, दीपक पटेल सरपंच अर्जुन कौशल, यूथ कांग्रेस जिला सचिव विनोद गुर्जर, खुमान पटेल, दिनेश पटेल उपस्थित थे । टूर्नामेंट में विजेता टीम को श्री तिलोक राठोड़ के सोजन्य से प्रथम पुरस्कार 21 हजार रुपए नगद ,उप विजेता टीम को 11हजार रुपए नगद राशि प्रदान की जा रही है।

मैन ऑफ द सीरिज बाबा ट्रैक्टर्स एंड आटो पार्ट्स सनावद द्वारा प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक मैच 08,08 ओवर के कराये जा रहे है। प्रत्येक मैच में हैट्रिक छक्का लगाने वाले खिलाड़ी को पुरस्कार स्वरूप 11 सौ रुपए नगद दिया जाएगा। इसी तरह हैट्रिक विकेट लेने वाले को 11 सौ रुपए नगद, हैट्रिक लगाने वाले को राशि नगद प्रदान किया जा रहा है।पूरे टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी को 11 सौ, सबसे ज्यादा रन बनाने वाले को 11 सौ, सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले को 11 सौ नगद दिए जाएंगे। आयोजक समिति के लोकेन्द्र गुर्जर ने बताया की ढकलगाव क्रिकेट टूनामेंट के दोनों पुरुस्कार त्रिलोक राठौड द्वारा दिये जा रहे है।

## टीआई द्वारा होटल संचालकों को निर्देश- शराब बेचते और बैठा कर शराब पिलाते मिले तो कार्यवाही होंगी

बडवाह.- नई शराब नीति के तहत शासन ने सभी अहाते बंद कर दिए हैं। उसके बाद भी शराबी यहां वहां बैठ कर शराब पी रहे है। सूचना पर टीआई जगदीश गोयल ने होटल संचालको की मंगलवार शाम को पुलिस थाने में बैठक ली। उन्हें सख्त निर्देश दिए कि होटल पर शराब बेचते एवं किसी को बैठा कर पिलाते हुए मिले तो होटल संचालक के खिलाफ कार्यवाही होगी।यदि किराए पर होटल ले रखी है,और यदि वहा पर कोई शराब पीते हुए मिला तो होटल संचालक के साथ ही दूकान मालिक पर भी कार्यवाही होगी। इसलिए आप किसी भी व्यक्ति को बैठा कर शराब न पिलाए।टीआई जगदीश गोयल ने होटल संचालको को निर्देश दिए कि अब लगातार निगरानी रखी जाएगी, पुलिस टीम होटल में पहुंचेगी।उल्लेखनीय है अहाते बंद होने के बाद से सड़क एवं अन्य जगह पर बैठकर शराब पीना शुरू कर दिया है।कई जगह सड़क के पास पेड़ के नीचे और सडक के किनारे पुलियों पर लोग शराब पीते नजर आ आने लगे हैं।

स्वामित्व, प्रकाशक एवं मुद्रक- नवरत्नमल जैन, 5 बी/3 प्रेस कॉम्पलेक्स इंदौर एवं 2/12 एनेक्स श्री कंवर कालोनी बड़वाह से प्रकाशित एवं कॉम्पेक प्रिंटर्स लि. फ्री प्रेस हाऊस 3/54 प्रेस कॉम्पलेक्स इंदौर से मुद्रित। प्रधान संपादक -नवरत्नमल जैन - फोन-(07280)224750, मो. 9407133337